

PRATHAM BOOKS
A Book in Every Child's Hand

पठन स्तर २

# सबरंग

**Author:** Kamla Bakaya
**Illustrator:** Audrey Agnier



## और बुलाओ एक जना

एक बुड्ढी ने बोया दाना
गाजर का था पेड़ लगाना।
दाने में से किल्ला फूटा
किल्ले से वह बन गया बूटा।


थोड़ी-थोड़ी खाद पड़ी
गाजर हाथोंहाथ बढ़ी।
सोचा तोड़ उसे अब लाऊँ
हलवा गरमा-गरम पकाऊँ।

पकड़ी चोटी, ज़ोर लगाया
हाथ नहीं पर कुछ भी आया।
नहीं बना, कुछ नहीं बना
और बुलाओ एक जना।



तब बुड्ढी का नाती आया
मिलकर उसने ज़ोर लगाया।
नहीं बना, कुछ नहीं बना
और बुलाओ एक जना।





तब बुड्ढी का कुत्ता आया
हाँफ-हाँफ कर ज़ोर लगाया।
नहीं बना, कुछ नहीं बना
और बुलाओ एक जना।



तब बुड्ढी की आई बिल्ली
सुनकर सब की चीख़ा चिल्ली।
सबने मिलकर ज़ोर लगाया
गाजर को उखाड़ तब पाया।

लो भई, ऐ लो भई
जीत हमारी हो गई!





# चंदू


चंदू की थी बुद्धि थोथी
हर दम पढ़ता पुस्तक पोथी।
मुख से झर-झर झाड़े ज्ञान
जैसे पंडित हो विद्वान।

एक रोज़ ले पोथी संग
मन में घोल रहा था रंग।
बड़े-बड़े मैं काम करूँगा दुनिया
भर में नाम करूँगा।



लगे किसी के घर में आग
पहुचूँगा मैं झटपट भाग।
जलते ही मैं कूद पड़ूँगा
परोपकार के लिये लड़ूँगा।

मरतों को दे जीवन-दान
जग में पाऊँगा सम्मान।
हरता जो परजन की पीर
सो ही तो कहलाता वीर।







दौड़ी-दौड़ी मुन्नी आई
जल्दी आना चंदू भाई।
हाथ जला बैठा है लल्ला
मचा रहा है कैसा हल्ला।

अम्मा गई काम पर बाहर
मेरे सिर पर ही सारा घर।
किधर-किधर मैं करूँ बताओ
जाकर ज़रा दवाई लाओ।

ध्यान हुआ चंदू का भंग
बोला, क्या करती है तंग?
यहाँ जो आई जल्दी-जल्दी
क्या न भर दी चूना हल्दी?



छोटी-छोटी सी बात की ख़ातिर
मेरे पास न आना अब फिर।

जब देखो तब घर का झिंकना
ताक़ पर धर दूँ पढ़ना लिखना?

मुन्नी ने जो झिड़की खाई
वापस उल्टे पैरों धाई।

रोते लल्ला को चुमकारा
किसी तरह दिन काटा सारा।

शाम पड़ी जब आई माता
और सुनी चंदू की गाथा।

हृदयहीनता पर झल्लाई
चंदू के कमरे में आई।



बिलख रहा था छोटा भाई
ज़रा न लाई गई दवाई?
पढ़-पढ़ कर बनता है ज्ञानी
घर के लिये निठुर अभिमानी!


घर वालों के काम न आए
ऐसा पढ़ना भाड़ में जाए!
छिः छिः यह कैसा अंधेर
घर में गीदड़ बाहर शेर!



## बुड्ढा महाराज कुचला गया मोटर से आज

मेरी दादी, मेरी दादी
क्या है बेटा, बोली दादी।
बुरा हुआ है, बुरा हुआ
हय हय बेटा क्या हुआ?

वह अपना बुड्ढा महाराज
कुचला गया मोटर से आज।
बड़ी चोट है उसको आई
याद आ गई अपनी माई।






पड़ा-पड़ा वो रोता है
आँसू से मुँह धोता है।
कोई नहीं बचाने वाला
भाग गया है मोटर वाला।


सुनकर दादी बड़ी घबराई राम-
राम ही मुँह को आई।
चल बेटा देखें महाराज जो
कुचला मोटर से आज।

जल्दी-जल्दी क़दम बढ़ाये ये
कह दोनों बाहर आये।
दादी ने जो नज़र घुमाई तो न
दिया महाराज दिखाई।



पड़ा हुआ था बुड्ढा भू पर
और खेल की मोटर ऊपर।
धत् तेरे की, दादी बोली
और हँस पड़ी बुढ़िया भोली।






# मैं हूँ एक नन्ही-सी बाला

मैं हूँ एक नन्ही-सी बाला
डरना मैंने जाना ना
मनमानी हूँ करने वाली
रोब किसी का माना ना।

भोला-भोला मुखड़ा मेरा
अँखियाँ काली कजरारी
ठुमक-ठुमक कर उड़ती-फिरती
तितली जैसी मतवारी।








रात को जब झींगुर गुंजाएँ
माँ कहती परियाँ गातीं
अच्छे-अच्छे बच्चों को वह
रोज सुलाने को आतीं।

भोलेपन में मैं कह उठती
अंदर उन्हें बुलाओ ना
मीठी झिड़की दे माँ कहती
रात पड़ी, सो जाओ ना।





ना जाने सोते में कैसे
घर से बाहर निकल पड़ी
इन परियों का भेद लगाने की
थी मन में टोह बड़ी।

दूर आसमान पे तारे
मुझे देख मुस्काते थे
बड़े प्यार से जगमग करते
अपने पास बुलाते थे।



छिन के छिन में पंख जड़ाऊ
मेरे कंधों आन जुड़े
ऊँचे-ऊँचे उठते जाते
मुझ को लेकर दूर उड़े।

आकाशी गंगा पर उड़ती
देखी परियों की टोली
मुझे बुलाने आई रानी
साथ उसी के तब हो ली।

सब की सब तब परियाँ आईं
मुझको गले लगाने को
हुआ सवेरा, उठो लाडली
अम्मा आई जगाने को।

PRATHAM BOOKS storyweaver

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

## Story Attribution:

This story: सबरंग is written by Kamla Bakaya . © Pratham Books , 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

## Other Credits:

'Sabrang' has been published on StoryWeaver by Pratham Books. The development of this book has been supported by HDFC Asset Management Company Limited- a joint Venture with Standard Life Investments. www.prathambooks.org

## Images Attributions:

Cover page: A girl flying in the night sky with two small fairies by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 2: An old woman gesturing with her hand by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 3: A carrot emerging from the soil ready to be picked, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 4: A man relaxing on the ground with a dog behind him, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 5: An old woman, a man, and a dog all one behind the other trying to pull a carrot from the ground by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 6: A cat sleeping peacefully on a brick wall by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 7: An old woman sitting happily on the ground with a cat and holding a carrot in her hand, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 8: A boy buried in his books by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 9: A boy flying with a cape towards a city by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 10: A day-dreaming boy sitting royally on a bed surrounded by books by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 11: A worried girl running with a baby in her arms by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

PRATHAM BOOKS storyweaver

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

## Images Attributions:

Page 12: A man walking with his head down, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 13: A woman raising her hand in anger with a girl hiding behind her giggling, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 14: A boy frantically gesturing to someone to see or go in a particular diection, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 15: A red car going by, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 16: An old woman exclaiming in shock while a little boy behind her laughs hysterically, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 17: A man sleeping on the ground with a toy car on his stomach, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 18: A girl with braids and a flying dupatta, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 19: A pink cloth flying in the corner and butterflies in another, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 20: A girl sleeping peacefully at night in a woman's lap by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 21: Moon seen from a balcony lined with plants, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 22: A girl flying in the night sky with three small fairies, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 23: Three little fairies playing and flying around at night, by Audrey Agnier © Pratham Books, 2015. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

# सबरंग

(Hindi)

कमला बकाया की लेखनी की चपलता देखते ही बनती है। नटखट नन्हों के लिए उनकी नित नयी नवेली कविताएँ!

This is a Level 2 book for children who recognize familiar words and can read new words with help.

PRATHAM BOOKS
storyweaver

Pratham Books goes digital to weave a whole new chapter in the realm of multilingual children's stories. Knitting together children, authors, illustrators and publishers. Folding in teachers, and translators. To create a rich fabric of openly licensed multilingual stories for the children of India and the world. Our unique online platform, StoryWeaver, is a playground where children, parents, teachers and librarians can get creative. Come, start weaving today, and help us get a book in every child's hand!